# भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण संस्थानों के नाम और उनके स्थान की सूची

**भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण संस्थान:**
भारतीय सेना का सामुद्रिक अंग, भारतीय नौसेना 5600 वर्षों के अपने गौरवशाली इतिहास के साथ भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षक है। 55,000 नौसेनिको से लैस यह विश्व की पाँचवी सबसे बड़ी नौसेना भारतीय सीमा की सुरक्षा को प्रमुखता से निभाते हुए विश्व के अन्य प्रमुख मित्र राष्ट्रों के साथ सैन्य अभ्यास में भी सम्मिलित होती है। पिछले कुछ वर्षों से लागातार आधुनिकीकरण के अपने प्रयास से यह विश्व की एक प्रमुख शक्ति बनने की भारत की महत्त्वाकांक्षा को सफल बनाने की दिशा में है।

भारतीय नौसेना सन् 1613 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी की युद्धकारिणी सेना के रूप में इंडियन मेरीन संगठित की गई। 1685 ई. में इसका नामकरण "बंबई मेरीन" हुआ, जो 1830 ई. तक चला। 08 सितंबर 1934 ई. को भारतीय विधानपरिषद् ने भारतीय नौसेना अनुशासन अधिनियम पारित किया और रॉयल इंडियन नेवी का प्रादुर्भाव हुआ।

**वर्तमान में एडमिरल सुनील लांबा भारत के नौसेनाध्यक्ष हैं**। वाईस एडमिरल सुनील लाम्बा ने 31 मई 2016 को भारतीय नौसेना के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

**भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण संस्थानों की सूची:**

| **प्रशिक्षण संस्थान का नाम** | **स्थान** |
|---|---|
| जल सेना अकादमी | गोवा |
| आई एन एस चिलका | उड़ीसा |
| आई एन एस शिवाजी | लोनावाला |
| आई एन एस वलसूरा | जाम नगर |
| आई एन एस सतवाहन | विशाखापट्टनम |
| आई एन एस हमला | मुंबई |
| आई एन एस कुजली | मुंबई |
| आई एन एस अश्विनी | मुंबई |
| आई एन एस अग्रणी | कोयम्बटूर |
| जल सेना सशस्त्र कॉलेज | मुंबई |

| | |
|---|---|
| आई एन एस गरुड़ | कोचीन |
| आई एन एस हंस | गोवा |
| जल सेना जहाज निर्माण स्कूल | विशाखापट्टनम |